# 3. गिल्लू

https://www.youtube.com/watch?v=qwLAIrJbS5U

[ DD Chandana Samveda Class ]

**I . एक वाक्य में उत्तर लिखिए :-**

**१. लेखिका ने कौए को क्यों विचित्र पक्षी कहा है ?**

उत्तर : कौए एक साथ समादरित,अनादरित.अति सम्मानित,अति अवमानित होने के कारण लेखिका ने उसे विचित्र पक्षी कहा है।

**२. गिलहरी का बच्चा कहाँ पड़ा था ?**

उत्तर : गिलहरी का बच्चा गमले और दीवार की संधि में पड़ा था।

**३. लेखिका ने गिल्लू के घावों पर क्या लगाया ?**

उत्तर : लेखिका ने गिल्लू के घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया।

**४. वर्मा जी गिलहरी को किस नाम से बुलाती थीं ?**

उत्तर : जी गिलहरी को गिल्लू नाम से बुलाती थीं।

**५.गिलहरी का लघु घात किसके भीतर बंद रहता था ?**

उत्तर : गिलहरी का लघु घात लंबे लिफाफे के भीतर बंद रहता था।

**६. गिलहरी का प्रिय खाद्य क्या था ?**

उत्तर : गिलहरी का प्रिय खाद्य काजू था।

**७.लेखिका को किस कारण से अस्पताल में रहना पड़ा ?**

उत्तर : मोटर - दुर्घटना के कारण लेखिका को अस्पताल में रहना पड़ा।

**८.गिलहरी गर्मी के दिनों में कहाँ लेट जाता था ?**

उत्तर : गिलहरी गर्मी के दिनों में सुराही पर लेट जाता था।

**९.गिलहरियों की जीवनावधि सामन्यतया कितनी होती है ?**

उत्तर : गिलहरियों की जीवनावधि सामन्यतया दो वर्ष होती है।

**१०. गिलहरी की समाधि कहाँ बनायी गयी है ?**

उत्तर : गिलहरी की समाधि सोनजुही लता के नीचे बनायी गयी है ।

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :-**

**१.लेखिका को गिलहरी किस स्थिति में दिखाई पड़ी ?**

**उत्तर :लेखिका को गिलहरी इस स्थिति में दिखाई पड़ी कि गमले और दीवार की संधि में छिपा था। वह संभवत: घोंसले से गिर पड़ा था और अब कौए उसमें सुलभ आहार खोज रहे थे। काकद्वय की चोंचों के दो घाव उस लघुप्राण के लिए बहुत थे, अत: वह निश्चेष्ट-सा चिपका पड़ा था।**

**२.लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाया ?**

**उत्तर :लेखिका ने गिल्लू को हौले से उठाकर अपने कमरे में लायी , फिर रुई से रक्त पोंछकर घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया। कई घंटे के उपचार के उपरान्त उसके मुँह में एक बूँद पानी टपकाया गया।**

**३.लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था ?**

**उत्तर :लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू उसके पैर तक आकर सर्र से परदे पर चढ़ जाता और फिर उसी तेजी से उतरता। उसका यह दौड़ने का क्रम तब तक चलता, जब तक लेखिका उसे पकड़ने के लिए न उठती।**

**२.महादेवी वर्मा को चौंकाने के लिए वह कहाँ-कहाँ छिप जाता था ?**

**उत्तर :महादेवी वर्मा को चौंकाने के लिए वह (गिल्लू) कभी फूलदान के फूलों में छिप जाता, कभी परदे की चुन्नट में और कभी सोनजुही की पत्तियों में।**

**५.गिल्लू ने लेखिका की गैरहाजरी में दिन कैसे बिताये ?**

**उत्तर :गिल्लू ने लेखिका की गैरहाजरी में जब कोई कमरे का दरवाजा खोला जाता, अपने झूले से उतरकर दौड़ता और किसी दूसरे को देखकर तेजी से अपने घोंसले में जा बैठता। सब उसे काजू दे जाते,परन्तु वह उन्हें नहीं खाया था।**

**III. पाँच– छ: वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

**१. गिल्लू के कार्य-कलाप के बारे में लिखिए।**

**उत्तर :लेखिका ने फूल रखने की एक हल्की डलिया में रुई बिछाकर उसे तार से खिड़की पर लटका दिया। वही दो वर्ष गिल्लू का घर रहा। वह स्वयं हिलाकर अपने घर में झूलता और अपनी काँच के मनकों-सी आँखों से कमरे के भीतर और खिड़की से बाहर न जाने क्या देखता-समझता रहता था। परन्तु उसकी समझदारी और कार्य-कलाप पर सबको आश्चर्य होता था।**

**२. लेखिका ने गिलहरी को क्या- क्या सिखाया ?**

**उत्तर :लेखिका जैसे ही खाने के कमरे में खाना खाने जाती गिलहरी खिड़की से निकलकर आँगन की दीवार बरामदा पार करते हुए मेज़ पर पहुँच जाता था। लेखिका ने गिलहरी को थाली के पास बैठना सिखाया । उनकी थाली में से चावल का एक-एक कौर उठाकर खाना भी गिलहरी को लेखिका ने सिखाया ।**

**३. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए :**

**उत्तर :गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती, अतः गिल्लू की जीवन–यात्रा का अंत आ ही गया। दिन भर उसने न कुछ खाया, न बाहर गया। पंजे ठंडे हो गये,लेखिका ने जागकर हीटर जलाया और उसे उष्णता देने का प्रयत्न किया। परन्तु प्रभात की प्रथम किरण के साथ ही वह चिर निद्रा में सो गया ।**

**४.गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी की ममता का वर्णन कीजिए ।**

**उत्तर :महादेवी वर्मा के पास अन्य अनेक पशु-पक्षी थे। उनमें से लेखिका को गिल्लू से ज्यादा लगाव था। गिल्लू लेखिका की थाली में खाना खाने का साहस भी करता था। जबकि अन्य प्राणी उनसे डरते थे।काक की चोंचों के दो घाव उस लघुप्राण के लिए बहुत थे, अतः वह निश्चेष्ट-सा चिपका पड़ा था। लेखिका ने गिल्लू को हौले से उठाकर अपने कमरे में लायी , फिर रुई से रक्त पोंछकर घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया । कई घंटे के उपचार के उपरान्त उसके मुँह में एक बूँद पानी टपकाया गया । फूल रखने की एक हल्की डलिया में रुई बिछाकर उसे तार से खिड़की पर लटका दिया। अंतिम दिनों में पंजे ठंडे हो गये,लेखिका ने जागकर हीटर जलाया और उसे उष्णता देने का प्रयत्न किया। गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी की ममता वात्सल्यमय प्रेम था ।**

**IV. रिक्त स्थान भरिए :**

**१. यह काकभुशुंडी भी विचित्र पक्षी है।**
**२. उसी बीच मुझे मोटर-दुर्घटना में आहत होकर कुछदिन अस्पताल में रहना पड़ा।**
**३. गिल्लू की जीवन का अंत आ ही गया।**
**४. मेरे पास बहुत पशु-पक्षी हैं।**
**५. गिल्लू के जीवन का प्रथम वसंत आया।**

**V.अनुरूप शब्द लिखिए :**

१.1907 : महादीवी वर्मा जी का जन्म :: 1987 : महादेवी वर्मा जी का निधन

२. गुलाब : पौधा :: सोनजुही : लता

३. हंस : सफेद :: कौआ : काला

४. बिल्ल्ली : म्याऊँ-म्याऊँ :: गिल्लू : चिक-चिक

५. कोयल : मधुर स्वर :: कौआ : कर्कष स्वर

**VI. कन्नड में अनुवाद कीजिए :**

**१. कई घंटे के उपचार के उपरांत मुँह में एक बूँद पानी टपकाया ।**

ಅನೇಕ ಘಂಟೆಗಳ ಆರೈಕೆಯ ನಂತರ ಬಾಯಿಯಲ್ಲಿ ಒಂದು ಹನಿ ನೀರನ್ನು ಚಿಮುಕಿಸಲಾಯಿತು.

**२. बड़ी कठिनाई से मैंने उसे थाली के पास बैठना सिखाया ।**

ಬಹಳ ಕಷ್ಟಪಟ್ಟು ನಾನು ಅದಕ್ಕೆ ತಟ್ಟೆಯ ಬಳಿ ಕುಳಿತುಕೊಳ್ಳುವುದನ್ನು ಕಲಿಸಿದೆ.

**३. गिल्लू मेरे पास रखी सुराही पर लेट जाता था।**

ಗಿಲ್ಲೂ ನನ್ನ ಬಳಿ ಇಟ್ಟಿದ್ದ ಹೂಜೆಯ ಮೇಲೆ ಮಲಗಿಕೊಳ್ಳುತ್ತಿತ್ತು.

**४. दिन भर गिल्लू ने न कुछ खाया, न बाहर गया।**

ದಿನವೆಲ್ಲಾ ಗಿಲ್ಲೂ ಏನನ್ನೂ ತಿನ್ನಲಿಲ್ಲ, ಹೊರಗಡೆಯೂ ಹೋಗಲಿಲ್ಲ.

**VII.दिए गए सही स्त्रीलिंग शब्दों को चुनकर संबद्ध पुल्लिंग शब्द के आगे लिखिए :-**

**(मयूरी,लेखिका,श्रीमती,कुतिया )**

पुल्लिंग स्त्रीलिंग

१. लेखक - लेखिका २.श्रीमान - श्रीमती ३. मयूर - मयूरी ४.कुत्ता - कुतिया .

**VIII. खाली स्थान भरिए :-**

एकवचन बहुवचन

१.उँगली - उँगलियाँ

२.आँख - आँखें

३. पूँछ - पूँछें

४.खिड़की - खिड़कियाँ

५.फूल - फूल

६.पंजा - पंजे

७.लिफाफा- लिफाफे

८.कौआ - कौए

९.गमला - गमले

१०.घोंसला - घोंसले

## IX. उदाहरणानुसार प्रेरणार्थक क्रिया रूप लिखिए :-

१. चिपकना - चिपकाना - चिपकवाना
लिखना - लिखाना - लिखवाना
मिलना - मिलाना - मिलवाना
चलना - चलाना - चलवाना

३. सोना - सुलाना - सुलवाना
रोना - रुलाना - रुलवाना
धोना - धुलाना - धुलवाना
खोलना - खुलाना - खुलवाना

४. पीना - पिलाना - पिलवाना
सीना - सिलाना - सिलवाना
सीखना - सिखाना – सिखवाना

५.माँगना - मँगाना - मँगवाना
बाँटना - बँटाना - बँटवाना
माँझना - मँझाना - मँझवाना
जाँचना - जँचाना -जँचवाना

## X.विलोमार्थक शब्द लिखिए :-

निकट x दूर
१.दिन x रात
२.भीतर x बाहर
३.चढ़ना x उतरना
४. विश्वास x अविश्वास

उत्तीर्ण - अनुत्तीर्ण
१.उपयोगी x अनुपयोगी
२.उपस्थितिx अनुपस्थिति
३.उचित x अनुचित
४. ईमान x बेईमान

१.प्रिय x अप्रिय
२.संतोष x असंतोष
३.स्वस्थ x अस्वस्थ

१.होश x बेहोश
२.खबर x बेखबर
३.चैन x बेचैन

बलवान - बलहीन
१. बुद्धिमान - बुद्धिहीन
२. शक्तिमान - शक्तिहीन
३. दयावान - दयाहीन

धन निर्धन
१.जन - निर्जन
२.बल - निर्बल
३.गुण - निर्गुण

https://hindisevak.in

## XI. समानार्थक शब्दों को चुनकर लिखिए :-

( खाना, शरीर, चिकित्सा, इलाज, देह, तलाश, भोजन, साहस, अचरच, धैर्य, ढूँढ, आश्चर्य )

उदा: उपचार चिकित्सा इलाज

१.गात = शरीर = देह

२. आहार = खाना = भोजन

३.विस्मय = अचरच = आश्चर्य

४.हिम्मत = साहस = धैर्य

५.खोज = तलाश = ढूँढ

## XII.कारक का नाम लिखिए

उदा: गमले के चारों ओर -संबंध कारक

१.मुँह में एक बूँद पानी - अधिकरण कारक

२.गिल्लू को पकड़कर - कर्म कारक

३. जीवन का प्रथम वसंत - संबंध कारक

४. खिड़की की खुली जाली - संबंध कारक

५. मैंने कीलें निकालकर - कर्ता कारक

६.झूले से उतरकर अपादान कारक

७. सुराही पर लेट जाता - अधिकरण कारक

८.कुछ पाने के लिए - संबंध कारक

## XIII. दी गयी शब्द -पहेली से पशु-पक्षियों के नाम ढूँढकर लिखिए :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मो | कु | म | यू | र |
| र | त्ता | ग | रु | ड |
| हं | क | बू | त | र |
| स | बि | ल्ली | कौ | आ |

१. मोर

२. मयूर

३. कुत्ता

४. गरुड

५. हंस

६. कबूतर

७. बिल्ली

८. कौआ

# भाषा ज्ञान

## II. संधि विच्छेद करके लिखिए :

तल्लीन - तत + लीन
चिदानंद - चित + आनंद
दिगम्बर - दिक + अम्बर
सज्जन - सत + जन
सद्गति - सत + गति

## III. स्वर संधि और व्यंजन संधि के शब्दों की सूची बनाइए :

सदाचार, गिरीश, वागीश, इत्यादि, सदैव, नयन, जगन्नाथ, महोत्सव, षड्दर्शन, जगन्मोहन

| स्वर संधि | व्यंजन संधि |
| --- | --- |
| सदाचार | जगन्नाथ |
| गिरीश | वागीश, |
| इत्यादि | षड्दर्शन, |
| सदैव | जगन्मोहन |
| नयन, | |
| महोत्सव, | |